## एक नजर में

### थाने में पेश हुआ युवक, महिला से छेड़छाड़ का आरोप



इंदौर. खुद को भाजपा से जुड़ा बताने वाले मोईन अली पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज होने के बाद गुरुवार को उसने पंढरीनाथ थाना पहुंचकर पुलिस के समक्ष हाजिरी दी. पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार किया है, और मामले की जांच जारी है. कुछ दिन पहले एक महिला ने मोईन अली के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. इसी बीच आरोपी थाने पहुंचा, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया, पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने खुद को भाजपा नेता बताकर महिला को दबाव में लेने की कोशिश की थी या नहीं. साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि उसने पार्टी के नाम का इस्तेमाल किस हद तक किया. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### नाबालिग से छेड़छाड़, भीड़ के बीच आरोपी फरार

इंदौर. शहर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र में शाम 10 साल की मासूम बच्ची से छेड़छाड़ की घटना हो गई. बच्ची अपनी मां और छोटी बहन के साथ काम पर जा रही थी, तभी रास्ते में एक युवक ने उसका हाथ पकड़कर गलत हरकत की. शोर मचने पर लोगों ने आरोपी को पकड़ भी लिया, लेकिन वह धक्का देकर भाग निकला. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. घटना ढक्कन वाले कुएं के पास की है. पीड़िता की मां घर-घर खाना बनाने का काम करती है और दोनों बेटियों को साथ ले जाती है. वह सीपीडब्ल्यूडी कॉलोनी की ओर जा रही थी. तभी बसंत सिसौदिया नामक युवक ने 10 वर्षीय बच्ची को पीछे से पकड़ लिया. बच्ची ने शोर मचाया तो मां और आसपास के लोगों ने आरोपी को घेर लिया, लेकिन वह मौका पाकर फरार हो गया. मां ने घर जाकर पति को घटना बताई और रात में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा.

### अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार

इंदौर. एरोड्रम पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए दो युवकों को बिना अनुमति पटाखे बनाने और परिवहन करते हुए पकड़ा. आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है. एरोड्रम थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार शांति नगर में रहने वाले 32 वर्षीय विशाल उर्फ इलू और सिद्धार्थ नगर में रहने वाली 25 वर्षीय खुशी को ग्रेटर बाबा गार्डन के पीछे रिसोर्ट रोड स्थित एक कुएं के पास संदिग्ध हालत में पकड़ा. तलाशी लेने पर उनके पास से तीन बोरियों में लाल सुतली से बने रस्सी बम, दो बोरियों में कागज के कार्टून, तीन बंडल सुतली, एक बोरी कच्चा बारूद और एक बोरी रेत मिली. जब्त सामग्री की कीमत करीब 80 हजार रुपए आंकी गई है. दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

### अवैध हथियारों के साथ चार युवक पकड़े

इंदौर. पुलिस ने अलग-अलग थानों की कार्रवाई में चार युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों के पास से धारदार चाकू और छुरे जब्त किए है, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है. थाना एमआईजी पुलिस ने 22 वर्षीय नितेश उर्फ पुनिया बौरासी को अयोध्यापुरी कॉलोनी से पकड़ा. उसके पास से लोहे का तेजधार छुरा मिला. वहीं, थाना एमजी रोड क्षेत्र में पुलिस ने 20 वर्षीय संदीप वानखेडे को शिवाजी मार्केट से पकड़ा, जिसके पास से धारदार फोल्डिंग चाकू मिला. थाना पलासिया पुलिस ने 16 वर्षीय किशोर शिखिल बौरासी को शेख हातिम चौराहे के पास से गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से बिना लाइसेंस का लोहे का छुरा जब्त किया. इसी तरह चंदननगर पुलिस ने 19 वर्षीय ताहिर खान को स्कीम नंबर 71 सर्विस रोड से पकड़ा. उसके पास से करीब 35 सेंटीमीटर लंबा धारदार चाकू मिला. सभी मामलों में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### नेवरी चटवाड़ा रोड का भूमि पूजन




देपालपुर. विगत कई वर्षों की मांग नेवरी चटवाड़ा रोड पुलिया सहित जिसकी लागत 1 करोड़ 39 लाख रूपये के कार्य का भूमि पूजन किया गया. पिछले दिनों विधायक मनोज पटेल ने नेवरी पंचायत ग्राम का दौरा किया था. उसे दौरान वहां के नागरिकों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखी. विधायक ने तत्काल आला अधिकारियों से बात कर रोड के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की. उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष भारत सिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष गुमानसिंह पंवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हातोद सुनील जाधव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जालमसिंह जी, पूर्व सरपंच नेवरी बाबूलाल गेहलोत आदि जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में संपन्न हुआ.

### महू में कांग्रेस की बैठक 31 को

महू. इंदौर जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के स्वागत और संगठन की नई रणनीति तय करने के लिए महू विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है. यह बैठक रविवार, 31 अगस्त को प्रात: 11 बजे मोहन टॉकीज के पास स्थित बालाराम वेधजी के बगीचे में होगा. बैठक में महू शहर कांग्रेस, महू ग्रामीण, मानपुर एवं सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होंगे. इसके साथ ही युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, पार्षदगण, जिला पंचायत व जनपद सदस्य, सरपंच-पंच सहित कांग्रेस परिवारजन बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे. कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिनों में संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक की सक्रियता और राजनीतिक रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी. कांग्रेस नेता जीतू ठाकुर ने कहाकमहू विधानसभा के कार्यकर्ता कांग्रेस की असली ताकत हैं. उनकी सक्रिय भागीदारी ही संगठन को मजबूती देती है और यही ऊर्जा आगे की लड़ाई में निर्णायक साबित होगी.

### डॉ. पूर्णिमा को पीएचडी की उपाधि



महू. महू की डॉ. पूर्णिमा जितेन्द्र गोयल ने सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उन्होंने अपना शोधकार्य आईएमएस सेज विश्वविद्यालय की डॉ. पूजा जैन के मार्गदर्शन में पूरा किया. उनका शोध विषय था, मध्य प्रदेश के बी-स्कूलों में कार्यरत महिला प्राध्यापकों के कार्य एवं जीवन संतुलन का अध्ययन. इस शोध के आधार पर उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई. डॉ. पूर्णिमा गोयल की इस उपलब्धि पर उनके पिता सुभाष चौरसिया, माता मीना चौरसिया, पति जितेन्द्र गोयल सहित परिजन और स्नेहीजनों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### पर्युषण महापर्व के लिए विधान सजाए

महू. दिगम्बर जैन समाज के दस दिनी पर्युषण महापर्व की शुरुआत गुरुवार से हुई दस दिनी महापर्व के लिए शहर के चारों जैन मंदिरां में मनमोहक मंडल विधान सजाए गए है. पर्व के तहत तीन चल समारोह भी निकलेंगे. शहर के जैन गली स्थित बड़े मंदिरजी, सांघी स्ट्रीट स्थित अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी, मेन स्ट्रीट स्थित चैत्यालय मंदिरजी में पर्युषण महापर्व के लिए मनमोहक मंडल विधान सजाए गए है. पर्व के तहत चारों मंदिरों में प्रतिदिन सुबह कलशाभिषेक व मंडल विधान पूजन होगा. वहीं शाम को आरती के बाद बड़े मंदिरजी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. वहीं पर्व के तहत नगर में तीन चल समारोह भी निकलेंगे. इसमें धूप दशमी पर्व 2 सितंबर को मनाया जाएगा. इसमें मंदिरां में सजावट करने के साथ ही चल समारोह निकलेगा. वहीं 6 सितंबर को कलश चतुर्दशी पर्व मनाया जाएगा. इसमें भी चल समारोह निकलेगा व दोपहर में मंदिर में कलशाभिषेक होंगे. वहीं 8 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।इस दौरान भी चल समारोह निकलेगा.

## पानी भरे गड्ढे में नहाने गए दो मासूम डूबे

- रेवती रेंज में हुआ दर्दनाक हादसा
- हर साल होती हैं दुर्घटनाएं, फिर भी सुरक्षा इंतजाम नदारद : प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रेवती रेंज इलाके में गुरुवार शाम बड़ा हादसा हो गया, यहां बारिश से भरे गड्ढे में नहाने गए दो मासूमों की डूबने से मौत हो गई. बाणगंगा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने देर रात दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले. यह घटना फिर से प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है. जिससे आस पास के लोगों में आक्रोश है.

घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही हैं, मजदूरी करने वाले परिवारों से ताल्लुक रखने वाले 14 वर्षीय शिवराज तंवर और प्रिंस दीवाना अपने दोस्तों के साथ गड्ढे में नहा रहे थे. इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और बाहर नहीं निकल पाए. दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को जानकारी दी. लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने काफी मश्क्कत के बाद दोनों के शव बरामद किए. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि रेवती रेंज में हर साल बच्चों के डूबने की घटनाएं होती हैं. सुरक्षा इंतजाम की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया. घटना पटेल नगर कॉलोनी से रेवती रेंज पहाड़ी करीब आधा किलोमीटर दूर है. लोगों ने बताया कि शिवराज और प्रिंस अपने दोनों दोस्तों के साथ बारिश शुरु होते ही वहां नहाने चले गए थे, लोगों का कहना है कि उन्हें पानी की गहराई का पता नहीं था. इससे दोनों गहरे पानी में डूब गए. उनके डूबने के करीब आधा घंटे बाद उनके अन्य साथी रोहित ने कॉलोनी में पहुंच कर परिजनों को इसकी जानकारी दी. आस पास के लोगों का कहना है कि हादसा प्रशासन की इस लापरवाही का परिणाम है.

> **सुरक्षा उपाय करने की मांग**
>
> मामले में एसीपी रूबीना मिजवानी ने बताया कि पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं, लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि यहां तुरंत सुरक्षा उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में मासूमों की जान पर संकट न आए.

## कार खाई में गिरी, दो सगे भाइयों की मौत

- सांवेर में हुआ दर्दनाक हादसा
- पलटे कंटेनर से टकराई कार
- दो दोस्त घायल, गांव में छाया मातम



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सांवेर इलाके में रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की जान चली गई, जबकि उनके साथ कार में सवार दो अन्य युवक घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब उनकी कार सड़क पर पहले से पलटा पड़ा प्याज से भरा कंटेनर से टकराकर खाई में जा गिरी.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्माट रोड पर हुई इस दुर्घटना में शिक्षक कॉलोनी चंद्रावतीगंज निवासी 24 वर्षीय वृषभ बोरासी और 21 वर्षीय हर्ष बोरासी की मौके पर ही मौत हो गई. ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार खाई में जा धंसी. घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर सांवेर अस्पताल भिजवाया. परिवार पर इस हादसे से द:खों का पहाड़ टूट पड़ा है. वृषभ की शादी इसी साल अप्रैल में हुई थी. उनके पिता का निधन पहले ही हो चुका है. अब घर में मां और एक छोटी बहन ही शेष रह गई हैं. पोस्टमार्टम के बाद दोनों भाइयों के शव जैसे ही घर पहुंचे, पूरे नगर में मातम छा गया. भाइयों की अर्थी एक साथ उनके निवास से उठी तो हर किसी की आंखें नम हो गईं, फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है.

### सांवेर में डम्पर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**हादसे के बाद भीड़ का गुस्सा फूटा- चालक को पीटकर पुलिस के हवाले किया**



इंदौर. सांवेर क्षेत्र में दोपहर हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई. पोती के साथ बाजार खरीदारी करने आए बुजुर्ग सड़क किनारे खड़े थे, तभी पीछे से आए मुरम से भरे डंपर ने उन्हें रौंद दिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उनकी जान चली गई.

घटना अजनोद रोड पर हुई. मृतक की पहचान ग्राम कुड़ाना निवासी 70 वर्षीय रमेशचंद्र सुनानिया के रूप में हुई है. हादसे के समय उनकी पोती पास की दुकान पर सामान लेने गई थी. इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर बुजुर्ग से टकरा गया. हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया. गुस्साए लोगों ने डंपर चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. बाद में भीड़ ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. परिजनों को शव सौंपने के साथ ही आरोपी चालक पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है.

## दस साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, नए वीडियो से जांच में नया मोड़

- शराब कारोबारी रघुवंशी की अंतिम यात्रा में सन्नाटा
- पुलिस ने तेज की पूछताछ
- आज दर्ज होंगे ड्रायवर-पत्नी-पिता के बयान





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हनी ट्रैप के चलते अन्नपूर्णा इलाके के पब संचालक की गुरुवार को अंत्येष्टि की गई. दोपहर जब बेटी लौटकर आई तो घर से अर्थी उठी और शवयात्रा रिजनल पार्क मुक्तिधाम की ओर बढ़ी. पूरे रास्ते गम का माहौल छाया रहा. मुक्तिधाम में पिता की चिता दस वर्षीय बेटे ने मुखाग्नि देकर सजाई. जैसे ही चिता की लपटें उठीं, वहां मौजूद हर आंख नम हो गई. लेकिन मुक्तिधाम का सन्नाटा थमने से पहले ही सवालों का सिलसिला तेज हो गया.अंतिम संस्कार के तुरंत बाद पुलिस ने मृतक के तीन दोस्तों को अपने बयान दर्ज करने के लिए थाने बुलाया. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसने मामले को और पेचीदा बना दिया. वीडियो खुड़ैल स्थित फार्म हाउस का है, जहां मृतक ने अपनी महिला मित्र का जन्मदिन मनाया था. पार्टी में महिला मित्र की सहेली भी मौजूद थी, जबकि मृतक देर से पहुंचे थे. अब यह वीडियो पुलिस जांच का अहम हिस्सा बन गया है. सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को मृतक के ड्रायवर शुभम, पत्नी आरती और पिता के बयान दर्ज होंगे. पुलिस ने परिवार को साफ कर दिया है कि यदि उनके पास कोई भी ठोस जानकारी हो, तो उसे सामने लाएं.

> **हर पहलू की जोड़कर कर रहे जांच**
>
> इधर, शहरभर में चर्चा है कि महिला मित्र ने मृतक से करोड़ों रुपए लिए थे, हालांकि इस दावे की पुष्टि न तो पुलिस कर रही है और न ही परिजन. मामले में अन्नपूर्णा थाने के जांच अधिकारी ने कहा फिलहाल आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला है, क्योंकि मृतक के करीबी लोगों से बयान लिए जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आया है, उसे जब्त कर जांच में शामिल किया कर लिया है. पुलिस हर पहलू को जोड़कर ही आगे की कार्रवाई कर रही है.

### जमीन सौदे में तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

इंदौर. जमीन के सौदे में रुपए लेकर अनुबंध करने के बाद बिक्री पत्र बदलकर अवैध लाभ उठाने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ कनाड़िया पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है. कनाड़िया थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार खरगोन निवासी प्रदीप चौहान ने शिकायत की थी कि कनाड़िया रोड स्थित एकता होटल पर मुलाकात के दौरान आरोपियों बलराम बुराने, अमजद पटेल और संजय कुशवाह ने उसे जमीन बेचने का सौदा किया. सौदे की रकम लेने और अनुबंध करने के बाद आरोपियों ने बिक्री पत्र अलग तरीके से कराकर धोखाधड़ी की. शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों पर धारा 406 और 420 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## दुकान में सिलेंडर फटने से तीन लोग घायल

*पुलिस ने दुकान सील की*





**इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र की 60 फीट रोड पर गुरुवार दोपहर एक दुकान में रखे गैस सिलेंडर के फटने से जोरदार धमाका हो गया. हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं, उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है. धमाके की तीव्रता इतनी थी कि दुकान का बोर्ड फट गया और सामान उड़कर बाहर आ गया. मामले में पुलिस जांच कर रही है.**

दीपक ट्रेडर्स नामक दुकान में यह हादसा हुआ. यह मकान विनोद माखीजा का है, जिसमें उनके परिवार के साथ किराए से बंटी कसेरा बर्तन की दुकान चलाता है. प्राथमिक रूप से गैस रिफिलिंग के दौरान विस्फोट होने की बात सामने आई, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है. घटना में बंटी कसेरा के परिजन और एक पड़ोसी घायल हुए हैं. धमाके के बाद फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की और पुलिस ने यहां से चार-पांच सिलेंडर जब्त किए. दुकान को सील कर दिया है. अधिकारियों का कहना है कि यह देखा जा रहा है कि सिलेंडर में रिफिलिंग हो रही थी या वॉशर निकालते समय विस्फोट हुआ. एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि घटना में तीन लोग घायल हुए हैं जिनमें दीपक माखीजा, रोहित और सुनील शामिल हैं. रोहित ने अस्पताल में बताया कि वह दुकान में बर्तन जमा रहा था तभी अचानक धमाका हुआ और वह बाहर जा गिरा. वहीं 16 वर्षीय सुनील ने कहा कि धमाके से उसके कान सुन्न हो गए. सुनील रिक्शा चालक का बेटा है और परिवार का इकलौता बेटा है. दुकानदार जितेंद्र कसेरा ने पुलिस को बताया कि धमाके में उनकी दुकान की दीवार और बोर्ड फट गए, सामान बिखर गया और बाहर खड़े व्यक्ति को भी चोट आई. मामले में पुलिस ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट तथ्य सामने आएंगे.

## उद्योगपति हत्याकांड का आरोपी अब तक फरार

- पुलिस को हिल स्टेशन में छिपने की आशंका

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में उद्योगपति चिराग जैन की हत्या करने वाला आरोपी विवेक जैन पुलिस की पकड़ से बाहर है. घटना के बाद आरोपी अपनी कार बायपास पर छोड़कर फरार हो गया था. फरारी के दौरान उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए अपने चार मोबाइल और एटीएम कार्ड घर पर ही छोड़ दिए, जिससे अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया.

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की गतिविधियों और आदतों की जानकारी जुटाई गई है. पूछताछ में सामने आया कि उसे घूमने-फिरने का शौक है और वह हर साल कई बार हिल स्टेशन जाता था. इसी आधार पर पुलिस को आशंका है कि वह किसी हिल स्टेशन पर ही छुपा हो सकता है. उधर, पुलिस विवेक जैन की संपत्ति का ब्यौरा भी खंगाल रही है. बख्तावरराम नगर निवासी आरोपी की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी की जा रही है. उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित है. साथ ही विदेश मंत्रालय को पत्र भेजकर उसके नाम पर किसी भी तरह की एनओसी जारी न करने का अनुरोध किया है. हत्या के बाद लगातार फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें विभिन्न संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं.

## लापता छात्रा मामले में पुलिस ने फिर शुरू की जांच

- परिजनों और रिश्तेदारों से दोबारा पूछताछ
- सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट होने से बढ़ी गुत्थी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमआईजी इलाके से लापता हुई कॉलेज छात्रा श्रद्धा तिवारी के मामले में पुलिस ने एक बार फिर जांच तेज कर दी है. 23 अगस्त से गायब छात्रा की तलाश में अब पुलिस परिवार और रिश्तेदारों की भूमिका भी खंगाल रही है.**

जांच के दौरान सामने आया कि श्रद्धा की इंस्टाग्राम आईडी किसी और ने डिलीट की थी. साइबर सेल की पड़ताल में यह आईडी उसकी मौसी की बेटी खुशी द्वारा हटाई जाना पाया. इसके बाद पुलिस ने खुशी को पूछताछ के लिए बुलाया और छात्रा के माता-पिता से भी दोबारा सवाल-जवाब किए.

शुरुआत में श्रद्धा के परिजनों ने उसके दोस्त सार्थक पर शक जताया था, लेकिन जांच में वह निर्दोष साबित हुआ. सूत्रों का कहना है कि माता-पिता ने बेटी की दोस्ती को लेकर सख्ती की थी और इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की थी. इससे आहत होकर श्रद्धा ने घर छोड़ दिया. सार्थक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि परिवार की नाराजगी के चलते श्रद्धा ने पिछले 15 दिनों से उससे कोई बात नहीं की थी. मोबाइल डिटेल खंगालने पर भी कोई अहम जानकारी हाथ नहीं लगी. पुलिस की जांच में छात्रा की एक सहेली ने बताया कि कुछ समय पहले श्रद्धा ने आत्महत्या का प्रयास किया था. इसके बाद घर में विवाद हुआ और परिजनों ने उसे पीटा था. इसी तनाव से वह मानसिक रूप से परेशान थी.

**घरेलु कलह या मानसिक दबाव**

पुलिस कमिश्नर ने खुद इस मामले की फाइल तलब कर सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहराई से जांच कराई है. अधिकारियों का कहना है कि छात्रा की गुमशुदगी के पीछे घरेलू कलह और मानसिक दबाव अहम कारण हो सकते हैं. फिलहाल पुलिस उसके ठिकाने की तलाश में हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है.

**समस्या** | **मामला मांगलिया क्षेत्र बायपास का**

## सड़क पर बैठे रहते हैं पशु, हो सकती है बड़ी दुर्घटना



इंदौर. नगन निगम द्वारा आवारा पशुओं को शहर से दूर करने के बाद कई अप्रिय घटनाओं से लोग बच गए हैं. वहीं आवारा पशु पालक की लापरवाही के चलते बायपास पर यात्रियों की जान पर बन आई है. टोल और बायपास मेंटेनेंस कंपनी भी अनजान बन रही है.

आवारा पशुओं से जुड़ा मामला इंदौर बायपास का है. एक समय यह था कि जब शहर की सड़कें आवारा पशुओं से पटी रहती थी, वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार होते थे. कई तो अपनी जान भी गंवा चुके हैं. नगर निगम द्वारा पशु पालकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए शहर को आवारा पशु मुक्त बना दिया लेकिन शहर की सीमा से लगा बायपास पिछले कई वर्षों से आवारा पशुओं के कब्जे में जाता जा रहा है. पशु पालक अपने मवेशियों को बायपास मार्ग की ओर छोड़ देते हैं और यहां पशु दर्जनों की तादाद में मुख्य सड़कों पर फैल कर बैठ जाते हैं, जो बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बढाती है क्योंकि बायपास पर वाहन की गति अस्सी से कम नहीं होती. ऐसे में आचानक आवारा पशुओं का सामना होना यानी वाहन अनियंत्रिक होना स्वाभाविक हो सकता है. इन पर अंकुश लगाना टोल कंपनी की जिम्मेदारी होती है लेकिन वहां इससे जानबूझ कर अनजान बने रहते है क्योंकि देखने में आया है कि मांगलियां टोल से मात्र सौ मीटर दूरी पर ही सड़क और ब्रिज पर आवारा पशुओं का डेरा आसानी से देखा जा सकता है.

### इनका कहना है...



गाय रखना बहुत अच्छी बात है लेकिन उसके लिए उनका सम्मान भी करें. पालक को शेड की व्यवस्था करनी चाहिए. ऐसे में मवेशियों और मानव की सुरक्षा भी होगी. ग्रामीण जागरूकता की जरूरत है.

**- परवेज खान**



शहर की सीमा वाला बायपास तो अब नेशनल हाई-वे न होते हुए लोकल हो चुका है. कहीं गड्ढे कहीं ट्रैफिक और मांगलिया तक आवारा मवेशियों से पटा बायपास दुर्घटनाओं का मार्ग बनते जा रहा है.

**- मुकेश वर्मा**



सड़क मरम्मत, दुर्घटना सुरक्षा, आपात काल सेवा ऐसे कई कार्य जिसको पूरा करना टोल कंपानी की ज़िम्मेदारी होती है. यही कारण है जो हम से टोल लिया जाता है. कंपनी को लापरवाही नहीं करनी चाहए.

**डॉ अजय धीमान**